CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

CIN: U40108CT2003SGC015821

सी एस पी जी सी एल
CSPGCL

No. 03-11/HR/DGM-III/..3856 Raipur, Date. 3.OCT..2023

विज्ञापन

छत्तीसगढ स्टेट पावर जनरेशन कंपनीज में डाटा एन्ट्री आपरेटर के नियमित पद पर कार्य करने के इच्छुक निम्नानुसार अर्हता प्राप्त आवेदकों से दिनांक 31.10.2023 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते है:–

01- **पदों का विवरण –**

छत्तीसगढ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी में डाटा एन्ट्री आपरेटर के रिक्त पदों का प्रवर्गवार विवरण निम्नानुसार है :–

| अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछडा वर्ग | योग |
|---|---|---|---|---|
| 09 | 02 | 06 | 03 | 20 |

02- **मूल निवासी –**

छत्तीसगढ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी में डाटा एन्ट्री आपरेटर के पद हेतु आवेदक छत्तीसगढ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

03- **कंपनी में डाटा डाटा एन्ट्री आपरेटर के पद पर दायित्व –**

Typing works in MS office i.e. MS Word, Excel, Power Point works related to issuance of e-transit pass, preparing daily receiving reports at Railway Sidings and closing of e-transit pass for Gare Pelma Sector-III coal mines, filling and maintenance of records of all the other works allotted by higher authority from time to time. They will also work as assistant of officers/ employees of the company.

04- **स्टायपेण्ड–** डाटा एन्ट्री आपरेटर के पद का पे–मेट्रिक्स एस–4, रूपये 19800–62600/–है। डाटा एन्ट्री आपरेटर के पद पर अस्थायी रूप से प्रारंभिक तौर पर तीन वर्षो के लिए परिवीक्षा पर नियुक्ति की जावेगी, जिसमें प्रशिक्षण अवधि भी शामिल रहेगी। परिवीक्षा अवधि में निम्नानुसार स्टायपेण्ड देय होगा :–

प्रथम वर्ष – रूपये 19800/– का 70 प्रतिशत।

द्वितीय वर्ष – रूपये 19800/– का 80 प्रतिशत।

तृतीय वर्ष – रूपये 19800/– का 90 प्रतिशत।

उपरोक्त मूल वेतन पर अन्य भत्ते नियमित सेवक की तरह प्राप्त होंगे। परिवीक्षार्थी की अन्य सेवा शर्तें पावर कंपनी के परिपत्र कमांक 786 दिनांक 05.04.2021 के अधीन होंगे।

05- **आयु सीमाः-**

आयु सीमा की गणना **दिनांक 01.07.2023** को आधार मानकर की जावेगी।

| | | |
|---|---|---|
| **न्यूनतम आयु सीमा** | – | 18 वर्ष |
| **अधिकतम आयु सीमा –** | | |
| अनारक्षित (पुरूष) | – | 40 वर्ष |
| अनुसूचित जाति (पुरूष) | – | 45 वर्ष |
| अनुसूचित जन जाति (पुरूष) | – | 45 वर्ष |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (पुरूष) | – | 45 वर्ष |

परन्तु किसी उम्मीदवार को एक या एक से अधिक आधार पर छूट का लाभ दिये जाने के उपरांत भी अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। भूतपूर्व सैनिकों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जावेगी, जिसके अंतर्गत् दिनांक 01.07.2023 की स्थिति में भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार की आयु में से उसके द्वारा पहले की गई संपूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम कर अनुज्ञात की जावेगी, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु ज्ञात होगी, वह उच्चतर आयु से 03 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**कार्य की प्रकृति के दृष्टिगत उपरोक्त पद के लिए महिला एवं दिव्यांगजन उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे।**

06- **शैक्षणिक योग्यता (Educational Qualification):-**

उम्मीदवार द्वारा डाटा एंट्री ऑपरेटर पद की अधोलिखित शैक्षणिक अर्हताओं को आवेदन की अंतिम दिनांक तक पूर्ण करना अनिवार्य है।

(i) यूजीसी की मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक डिग्री उत्तीर्ण, **एवं**

(ii) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र, **तथा**

(iii) कम्प्यूटर में अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में 5000 की–डिप्रेशन(Key Depression) प्रति घण्टा गति की कौशल परीक्षा में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

उपरोक्त शैक्षणिक योग्यता (i) & (ii) में कम्प्यूटर संबंधी मान्य अर्हता निम्नानुसार है :–

(क) ऐसे आवेदक जो यूजीसी से मान्यता प्राप्त संस्था से :–

- बी.ई.(कम्प्यूटर साईंस/इन्फारमेशन टेक्नोलॉजी), बी.एस.सी.(कम्प्यूटर साईंस/इन्फारमेशन टेक्नोलॉजी), बी.सी.ए. में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक है

**अथवा**

- न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक के साथ एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस/इन्फारमेशन टेक्नोलॉजी), एम.सी.ए. स्नातकोत्तर हैं।

**उन्हें कम्प्यूटर संबंधी योग्यता (ii) के लिये पृथक से अन्य प्रमाण पत्र यथा डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/डी.सी.ए./ पी.जी.डी.सी.ए. प्रस्तुत करना आवश्यक नहीं है।**

(ख) ऐसे आवेदक जो उपरोक्त (क) से भिन्न पाठ्यक्रम (Course) में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक है, उन्हें कम्प्यूटर संबंधी योग्यता के लिये यूजीसी से मान्यता प्राप्त संस्था से निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में से किसी एक पाठ्यक्रम (Course) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है:–

- कम्प्यूटर साईंस/इन्फारमेशन टेक्नोलॉजी/मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट में त्रिवर्षीय डिप्लोमा **अथवा** डी.सी.ए. प्रमाण पत्र

**अथवा**

- आई.टी.आई. से कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्राम असिस्टेंट (COPA) व्यवसाय में एक वर्षीय कोर्स

**अथवा**

- पी.जी.डी.सी.ए. प्रमाण पत्र।

**उम्मीदवार को पद की शैक्षणिक योग्यता व अर्हता के मापदण्ड आवेदन हेतु निर्धारित अंतिम दिनांक तक पूर्ण करना अनिवार्य है।**

07- **आरक्षणः–** पावर कंपनीज के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को आरक्षण का लाभ दिया जावेगा । आरक्षित प्रवर्ग के उम्मीदवारों को दस्तावेजों के सत्यापन के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को स्थायी जाति प्रमाण पत्र के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम नॉन–क्रीमीलेयर सर्टिफिकेट अथवा केन्द्रीय सेवा हेतु जारी नवीनतम अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा । आरक्षित कोटे के तहत नियुक्ति के परिपेक्ष्य में छग शासन प्रशासन विभाग के ज्ञापन कं. एफ. 13–4/2006/अ.प्र./1–3, दिनॉक 29–06–2013 में निहित शर्तो के अनुसार निर्धारित प्रारुप में शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा ।

**पदो का आरक्षण के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देश पत्र कं. एफ. 13-1/आ. प्र-/1-3, दिनॉक 03.05.2023 के अनुसार प्रकरण कं. SLP (C) No. 19668/2022 के विरुद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश दिनॉक 01.05.2023 के अध्याधीन होंगे ।**

08- **आवेदन कैसे करें–**

i) आवेदन छत्तीसगढ स्टेट पॉवर कंपनीज की वेबसाइट www.cspc.co.in पर उपलब्ध कराई गई है। जिसे डाउनलोड कर निर्धारित प्रारुप में भरकर समस्त स्वहस्ताक्षरित दस्तावेज यथा शैक्षणिक योग्यता अनुभव इत्यादि के साथ भरकर उक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए नियत तिथि तक आवेदन किया जा सकता है। पर्याप्त आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। आवेदन दिनांक 31.10.2023 तक निम्न पते पर प्रेषित करें।

**पता–मुख्य अभियंता (मा.संसा.)**
**छ.स्टेट पावर जन0 कं0लिमि0,**
**शेड न0 03, विद्युत सेवा भवन परिसर, डंगनिया,**
**रायपुर (छ.ग.)** 492013 ई–मेल :–hr.cspgcl@cspc.co.in

D:\d drive\2023-24\Gare Pelma\New folder\Advertisment DEO FINAL 23-24.docx

ii) **आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर लिफाफे के उपर "डाटा एन्ट्री आपरेटर पद हेतु आवेदन" लिखें।**

iii) **केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा ही आवेदन स्वीकृत किये जावेगें, अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकृत नहीं किये जावेगें।**

09- **आवेदन शुल्क** – अनारक्षित एंव अन्य पिछडा वर्ग के उम्मीदवारों को रूपये 700/– (सात सौ रूपये मात्र) एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को रूपये 500/–(पाँच सौ रूपये मात्र) के आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। उम्मीदवार द्वारा आवेदन शुल्क का भुगतान आनलाईन हस्तान्तरण के माध्यम से RTGS/NEFT/IMPS डिजिटल माध्यम से सहायक प्रबंधक (के.ले.ई) रायपुर खाता कमांक 0399002100077680, IFSC Code – PUNB0039900 पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा रायपुर में देय होगा। उम्मीदवार द्वारा हस्तान्तरण की प्रति (Transaction Details) आवेदन के साथ संलग्न कर भेजना आवश्यक है। उम्मीदवार द्वारा हस्तान्तरण की प्रति पर अपना नाम, पत्राचार हेतु पूर्ण पता, मोबाईल नं./फोन नं., ई–मेल इत्यादि की जानकारी दी जावें। आवेदन शुल्क के बिना आवेदन अस्वीकार किये जावेगे। आवेदन शुल्क के रूप में जमा की गई राशि अप्रतिदेय (Not Refundable) है एवं किसी भी स्थिति में न तो वापस की जाएगी और न ही स्थानांतरित अथवा किसी अग्रिम भर्ती/चयन हेतु सुरक्षित की जाएगी।

10- **अंतिम दिनांक** – आवेदन प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक 31.10.2023 तक है।

11- **<u>चयन प्रक्रियाः–</u>**

(क) **प्रतियोगी परीक्षा–** डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पदों के लिए प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के आधार पर उम्मीदवारों की ऑनलाईन **प्रतियोगी परीक्षा (Computer Based Test)** आयोजित की जाएगी। प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न एवं वैकल्पिक उत्तर हिन्दी एवं अंग्रेजी दो भाषाओं में होगें, तथापि हिन्दी अनुवाद में भिन्नता होने पर अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रतियोगी परीक्षा दो घण्टे की होगी, जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के 100 प्रश्न होगें। प्रत्येक प्रश्न के बहुविक्लपीय उत्तर होगें। जिसमें से एक उत्तर सही होगा। प्रत्येक सही विकल्प हेतु 01 (एक) अंक निर्धारित है। गलत उत्तर देने पर ¼ अंक की कटौती की जावेगी। उम्मीदवार द्वारा जिन प्रश्नों के उत्तर अंकित नहीं किए जायेंगे,

उसके लिए शून्य (Zero) अंक निर्धारित है। प्रतियोगी परीक्षा में निम्नलिखित विषयों का समावेश होगा :–

**(क) सामान्य ज्ञान –25 अंक**

**(ख) सामान्य कम्प्यूटर ज्ञान –15 अंक**

**(ग) सामान्य मानसिक योग्यता –15 अंक**

**(घ) सामान्य गणित –15 अंक**

**(ड) सामान्य हिन्दी (व्याकरण) –20 अंक**

**(च) सामान्य अंग्रेजी (व्याकरण) –10 अंक**

चयन प्रकिया के अगले चरण हेतु प्रतियोंगी परीक्षा के कुल 100 अंको में से अनारक्षित व अन्य पिछडा वर्ग प्रवर्ग के उम्मीदवार को न्यूनतम 40% एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग के उम्मीदवार को न्यूनतम 30% अर्हकारी अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(ख) **कौशल परीक्षा :–** प्रतियोगी परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की विज्ञापित पदों के अनुसार चार पृथक पृथक प्रावीण्य सूची निर्मित की जायेगी। प्रावीण्य सूची में से विज्ञापित पदों की प्रवर्गवार संख्या के **पॉच गुना** उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जावेगा। कौशल परीक्षा निम्नानुसार होगी :–

(1) कम्प्यूटर में अंग्रेजी में 5000 की–डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति की परीक्षा – 50 अंक

(2) कम्प्यूटर में हिन्दी में 5000 की–डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति की परीक्षा – 50 अंक

अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा की उक्त कौशल परीक्षा में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है । 50–50 अंक की प्रत्येक कौशल परीक्षा में न्यूनतम **30 –30 अर्हकारी अंक** प्राप्त करना अनिवार्य होगा ।

(ग) अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा की कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारो की प्रतियोगी एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको के योग के आधार पर विज्ञापित पदों के अनुसार चार पृथक पृथक प्रावीण्य सूची निर्मित की जावेगी।

(घ) प्रावीण्य सूची में से विज्ञापित पदों की प्रवर्गवार संख्या के **तीन गुना** उम्मीदवारों को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाया जायेगा।

(ङ) दस्तावेजों के सत्यापन में पाये गए उम्मीदवारों की प्रतियोगी एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर निर्मित प्रावीण्य सूची में से छ.ग. शासन के आरक्षण रोस्टर के अनुसार विज्ञापित पदों की पूर्ति की जावेगी।

(च) अंक समान होने की स्थिति में उम्मीदवारों के जन्म दिनांक के आधार पर वरिष्ठ उम्मीदवार का नाम वरीयता कम में उपर रखा जावेगा। अंक एंव जन्म दिनांक समान होने की स्थिति में उम्मीदवारों के नाम के अंग्रेजी के प्रथम अक्षर के आधार पर अंग्रेजी वर्णमाला के कम में उम्मीदवार की वरीयता निर्धारित की जावेगी।

12- **पदस्थापना स्थल** :– चयनित उम्मीदवार की पदस्थापना गारे पेलमा सेक्टर–03 कोल माईंन में प्रारंभिक 5 वर्षो तक अनिवार्य होगी ।

13- **अनुबंध एवं सुरक्षा निधि–**

(क) डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति परिवीक्षा पर की जावेगी। परिवीक्षा पर नियुक्त परिवीक्षार्थी द्वारा पॉवर कंपनी के साथ चार वर्षो के लिए अनुबंध निष्पादित किया जाएगा एवं राशि रूपये 1,00,000/–( रूपये एक लाख मात्र) सुरक्षा निधि के रूप में जमा की जावेगी।

(ख) अनुबंध अवधि समाप्ति के पश्चात् सुरक्षा निधि वापस कर दी जावेगी।

(ग) यदि परिवीक्षार्थी परिवीक्षा अवधि में पॉवर कंपनी की सेवा से त्यागपत्र देता है अथवा स्थायीकरण हेतु अनुपयुक्त पाया जाता है। तो ऐसी स्थिति में सुरक्षा निधि राजसात/जब्त कर ली जावेगी।

14- **अन्य शर्ते** –

(i) उम्मीदवार विज्ञापन में आरक्षणवार पदों की स्थिति का अवलोकन कर ही आवेदन करें। आवेदन करने के पश्चात् उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन, सुधार या सुधार संबंधी अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं होगा।

(ii) उम्मीदवार को आवेदन करने, कौशल परीक्षा दस्तावेजों के सत्यापन में सम्मिलित होने व सफल होने मात्र से विज्ञापित पदों पर नियुक्ति की पात्रता नहीं होगी।

(iii) पॉवर कंपनी को बिना कारण बताये संम्पूर्ण चयन प्रकिया निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

(iv) डाटा एण्ट्री ऑपरेटर पद की भर्ती की चयन प्रकिया के किसी भी स्तर पर अथवा उम्मीदवार की नियुक्ति के पश्चात् यह ज्ञात होता है कि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज यथा जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र आदि असत्य एवं फर्जी है तो उसकी उम्मीदवारी अथवा नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त या बर्खास्त कर दी जावेगी।

(v) डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के पद पर नियुक्त कर्मियों की सेवाएं कंपनी में लागू एवं समय–समय पर संशोधित नियम, परिपत्र एवं आदेश के अधीन नियंत्रित होगी।

(vi) छ.ग. सेवा (आचरण) नियम 1965 के अंतर्गत नियुक्ति को नियोक्ता अथवा कर्मी द्वारा क्रमशः एक माह का नोटिस या नोटिस के स्थान पर एक माह का वेतन दे कर समाप्त किया जा सकेगा।

(vii) चयन प्रक्रिया से संबंधित अन्य ऐसे बिन्दु जिसका इस विज्ञापन में कोई उल्लेख नहीं है, के संबंध में निर्णय लेने का अधिकार पॉवर कंपनी के सक्षम प्राधिकारी को होगा।

(viii) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को कौशल परिक्षा एवं दस्तावेजों के सत्यापन में उपस्थित होने के लिए द्वितीय श्रेणी का रेल या वास्तविक बस किराया, जो न्यनूतम दूरी के मार्ग का हो, पॉवर कंपनी के नियामानुसार टिकट प्रस्तुत करने पर दिया जावेगा।

(ix) आवेदन हेतु सहायता के लिए कार्यालयीन दिवस में समय प्रातः 11:00 से सायं 05:00 तक दूरभाष कं 0771–2574408 एवं ई–मेल, hr.cspgcl@cspc.co.inके माध्यम से सम्पर्क किया जा सकता है।

मुख्य अभियंता (मा.संसा.)
छ.स्टेट पा.जन.कं.लिमि.
रायपुर

D:\d drive\2023-24\Gare Pelma\New folder\Advertisment DEO FINAL 23-24.docx

सी एस पी जी सी एल
C$PGCL

# CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN: U40108CT2003SGC015821

Phone:-0771-2574408; Fax:- 0771-2574035; mail:-hr.cspgcl@cspc.co.in; website:-www.cspc.co.in/cspgcl

## Format for Application

Important Notes:- (i) Before filling this form read the instructions carefully. (ii) All entries should be made in CAPITAL LETTERS (iii) The Application to be made strictly in the following format and to be filled in ENGLISH only. (iv) Please see the bottom of the application form for documents to be enclosed.

1. **Post Applied for**

2. **Candidate's Name** (IN CAPITAL LETTERS) (please keep one box blank between name, middle name & surname)

3. **Fathers's/Husband's Name** (IN CAPITAL LETTERS) (please keep one box blank between name, middle name & surname)

4. **Date of Birth**

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| DD | MM | YY |

Please affix one recent passport size Photograph self attested

5. Age As on (01/07/2023)

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| DD | MM | YY |

6. **Domicile** :- Chhattisgarh

7. **Nationality** :- Indian  Any Other

8. **Gender** Male  Female  Other

9. **Category**

| UR | OBC | SC | ST |
|---|---|---|---|
| | | | |

10. **Whether presently working** YES  NO

11. **Total No. of Years of Experience**

**12. Fee transaction details**

| UTR No. | Date | Name of Bank | Branch Address | Branch Code | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| Candidate Name, Father's Name, address, telephone number, date of birth and category should be written on the transaction details | | | | | |

**14. Candidate's Address :** (IN CAPITAL LETTERS Black Ball Point Pen Only)

| Communication Address | | Permanent Address | |
|---|---|---|---|
| Name : | | Name : | |
| Father's Name : | | Father's Name : | |
| Address : | | Address : | |
| District : | | District : | |
| State : | PIN: | State : | PIN: |
| Contact No. | | Contact No. | |
| Tel. No. : | | Tel. No. : | |
| Mobile no. : | | Mobile no. : | |
| Mail Id : | | Mail Id : | |

**15. Educational Qualification :-**

| Exam Passed | Institution/University | % of Marks Obtained (Aggregate) | Year of passing |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

**16. Experience :-**

| Name of Organization | From | To | Total Experience |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

**DECLERATION**

I hereby declare that all statements made in this application are true and correct to the best of my knowledge and belief. I understand that in the event of any information being found false or incorrect or not satisfying the prescribed eligibility criteria for the post applied for, my candidature is liable to be cancelled/rejected at any stage of selection.

**PLACE :**
**DATE :**

**(Signature of the Applicant)**

**Self attested documents to be enclosed with application:-**

1. $10^{th}$ Board Mark Sheet for verification of Date of Birth.
2. Copy of certificates/mark sheets regarding educational qualification.
3. Experience Certificate, if any.
4. Application Fee transaction details with UTR be enclosed with application.
5. C.G. Domicile Certificate
6. Caste Certificate, if applicable.